दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-14, अंक-15 बुधवार 15 जनवरी, 2025, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रात:कालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

फरीदाबाद, बुधवार 15 जनवरी, 2025

## संक्षिप्त समाचार

# अग्रवाल कालेज के नरेन्द्र ने जीता राज्यस्तरीय पुरुस्कार

बल्लभगढ़, 14 जनवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय के स्वयंसेवक नरेन्द्र सिंह ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2022-23 प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नरेंद्र सिंह को



यह प्रतिष्ठित सम्मान 12 जनवरी को पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय युवा दिवस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर खेल, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम, उच्च शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक वर्षा खंगवाल और राज्य एन एस एस अधिकारी दिनेश कुमार भी उपस्थित थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, शाखा प्रभारी डॉ. सचिन गर्ग और एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक के दिशा निर्देशन में नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। और उसको दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छूते रहने की प्रेरणा दी। नरेन्द्र सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक को दिया। नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी सेवाओं से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। उन्होंने पौधारोपण, रक्तदान शिविर, पोलियो शिविर, अंगदान शिविर सहित कई सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय स्तर पर सक्रियता दिखाने के बाद नरेन्द्र सिंह ने विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न शिविरों में भी भाग लिया और फिर राज्य शिविर, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर सहित कई अन्य एन एस एस के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और वहां अपने नेतृत्व कौशल का परिचय दिया।



मकर संक्रांति पर फरीदाबाद में उत्सवों की धूम... 7

RNI NO.51594/94

दैनिक

नेशनल प्रहरी

दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और चंडीगढ़ से एक साथ प्रसारित



मकर संक्रांत पर डीएवी शताब्दी महाविद्यालय ने... 8

वर्ष: 31 अंक: 265 फरीदाबाद, बुधवार ,15 जनवरी 2025 Email: nationalprahari.info@gmail.com www.nationalpraharinews.com मूल्य: 1 रु. पृष्ठ:8


# अग्रवाल महाविद्यालय के नरेन्द्र सिंह बने राज्य सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

**नेशनल प्रहरी/रघुबीर सिंह**

बल्लबगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ के स्वयंसेवक नरेन्द्र सिंह ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार 2022-23 प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नरेंद्र सिंह को यह प्रतिष्ठित सम्मान 12 जनवरी 2025 को पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय युवा दिवस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदान कियागया। अग्रवाल महाविद्यालय के माननीय अध्यक्ष देवेंद्रकुमार गुप्ता एवं महासचिव दिनेश गुप्ता, के कुशल मार्गदर्शन में नरेंद्र सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की।

इस अवसर पर खेल, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम, उच्च शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक वर्षा खंगवाल और राज्य एन एस एस अधिकारी दिनेश कुमार भी उपस्थित थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, शाखा प्रभारीडॉ. सचिन गर्ग और एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमामलिक के दिशा निर्देशन में नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। और उसको दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छूते रहने की प्रेरणा दी। नरेन्द्र सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक को दिया।

नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी सेवाओं से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। उन्होंने पौधारोपण, रक्तदान शिविर, पोलियो शिविर, अंगदान शिविर सहित कई सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय स्तर पर सक्रियता दिखाने के बाद नरेन्द्र सिंह ने विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न शिविरों में भी भाग लिया और फिर राज्य शिविर, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर सहित कई अन्य एनएसएस के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और वहां अपने नेतृत्व कौशल का परिचय दिया।

अपने सेवा कार्यों के परिणाम स्वरूप नरेन्द्र सिंह को राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का सम्मान प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार के तहत उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ 21,000 रुपये की।

15-01-2025

News21TV.COM/POSITIVE NEWS
9811721521



GOVERNMENT

# अग्रवाल महाविद्यालय के नरेन्द्र सिंह बने राज्य सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

admin 18 hours ago



**बल्लभगढ़ (विनोद वैष्णव) :** अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ के स्वयंसेवक नरेन्द्र सिंह ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) पुरस्कार 2022-23 प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नरेंद्र सिंह को यह प्रतिष्ठित सम्मान पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय युवा दिवस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदान किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय के माननीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं महासचिव दिनेश गुप्ता, के कुशल मार्ग दर्शन में नरेंद्र सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर खेल, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम, उच्च शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक वर्षा खंगवाल और राज्य एन एस एस अधिकारी दिनेश कुमार भी उपस्थित थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, शाखा प्रभारी डॉ. सचिन गर्ग और एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक के दिशा निर्देशन में नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। और उसको दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छूते रहने की प्रेरणा दी। नरेन्द्र सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक को दिया।

नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी सेवाओं से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। उन्होंने पौधारोपण, रक्तदान शिविर, पोलियो शिविर, अंगदान शिविर सहित कई सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय स्तर पर सक्रियता दिखाने के बाद नरेन्द्र सिंह ने विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न शिविरों में भी भाग लिया और फिर राज्य शिविर, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर सहित कई अन्य एन एस एस के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और वहां अपने नेतृत्व कौशल का परिचय दिया।

अपने सेवा कार्यों के परिणाम स्वरूप नरेन्द्र सिंह को राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का सम्मान प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार के तहत उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ 21,000 रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई।

यह उल्लेखनीय है कि नरेन्द्र सिंह से पहले मुकुल सेठी और सपना को भी राज्य स्तरीय एन एस एस पुरस्कार मिल चुका है। नरेन्द्र सिंह इस सम्मान को प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के तीसरे स्वयं सेवक बन गए हैं, जिससे पूरे महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

15-01-2025



जनतंत्र टुडे



# अग्रवाल महाविद्यालय के नरेन्द्र सिंह बने राज्य सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

फरीदाबाद , जनतंत्र टुडे / अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लभगढ़ के स्वयंसेवक नरेन्द्र सिंह ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) पुरस्कार 2022-23 प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नरेंद्र सिंह को यह प्रतिष्ठित सम्मान 12 जनवरी 2025 को पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय युवा दिवस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदान किया गया। अग्रवाल महाविद्यालय के माननीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं महासचिव दिनेश गुप्ता, के कुशल मार्ग दर्शन में नरेंद्र सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की।

इस अवसर पर खेल, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम, उच्च शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग, विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के.एम. पांडुरंग, अतिरिक्त निदेशक श्रीमती वर्षा खंगवाल और राज्य एन एस एस अधिकारी दिनेश कुमार भी उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, शाखा प्रभारी डॉ. सचिन गर्ग और एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक के दिशा निर्देशन में नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। और उसको दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छूते रहने की प्रेरणा दी। नरेन्द्र सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक को दिया।

नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी सेवाओं से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। उन्होंने पौधारोपण, रक्तदान शिविर, पोलियो शिविर, अंगदान शिविर सहित कई सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय स्तर पर सक्रियता दिखाने के बाद नरेन्द्र सिंह ने विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न शिविरों में भी भाग लिया और फिर राज्य शिविर, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर सहित कई अन्य एन एस एस के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और वहां अपने नेतृत्व कौशल का परिचय दिया।

अपने सेवा कार्यों के परिणाम स्वरूप नरेन्द्र सिंह को राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का सम्मान प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार के तहत उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ 21,000 रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि नरेन्द्र सिंह से पहले मुकुल सेठी और सपना को भी राज्य स्तरीय एन एस एस पुरस्कार मिल चुका है। नरेन्द्र सिंह इस सम्मान को प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के तीसरे स्वयं सेवक बन गए हैं, जिससे पूरे महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# अग्रवाल कॉलेज के नरेंद्र बने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक

■ **NBT न्यूज, बल्लभगढ़ :** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के स्वयंसेवक नरेन्द्र सिंह ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार 2022-23 प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। 12 जनवरी को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय युवा दिवस कार्यक्रम मे सीएम नायब सिंह सैनी की ओर से उन्हें प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर कॉलेज के अध्यक्ष अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता, सचिव अनिल कुमार व प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार ने छात्र नरेंद्र सिंह को बधाई दी। इस पुरस्कार में प्रमाण पत्र और 21,000 रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई।

> राज्य स्तरीय युवा दिवस कार्यक्रम में सीएम ने प्रदान किया पुरस्कार



# नरेंद्र को राज्यस्तरीय एनएसएस पुरस्कार

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय के स्वयंसेवक नरेंद्र सिंह ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजनापुरस्कार 2022-23 प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। उनको यह सम्मान 12 जनवरी को पंचकुला में आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिया। अग्रवाल महाविद्यालय के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता एवं महासचिव दिनेश गुप्ता के मार्गदर्शन में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।